Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand for CBI enquiry in the murder case of two brothers in Silchar, Mizoram.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): महोदय, मुझे शून्य काल में मौका देने के लिए आपका धन्यवाद । एक बहुत संगीन और गंभीर विषय हम लोगों के सामने आया । आज से कुछ दिन पहले असम से एक ऑयल टैंकर मिजोरम में गया था और तेल की डिलिवरी करने के बाद जब गाड़ी लौट रही थी, तो उसका ड्राइवर प्रवीन सिंह, जो 45 वर्ष का था, रास्ते में उसके ऊपर लोगों ने प्रहार किया तथा उसको मार दिया । He was murdered and on charges of his murder his brother who was the handyman, उसको आईपीसी की धारा 302 के तहत अरेस्ट कर लिया । पुलिस ने टॉर्चर करके इनसे एक कोरे कागज पर साइन लिए और कहलवाया कि मैंने मर्डर किया है तथा उसको जेल में डाल दिया । कुछ दिन बाद उसको आइजोल जेल में ट्रांसफर कर दिया । आइजोल जेल में ट्रांसफर करने के बाद किसी ने लीगल एड लेने के लिए उसकी हेल्प नहीं की । मैं 5 तारीख को इन लोगों के गाँव में गया था । दोनों का घर, परिवार एकदम आजू-बाजू में है, कोई बाउंड्री नहीं है और दोनों भाई हैं । ऐसा नहीं हो सकता है कि बड़ा भाई छोटे भाई का मर्डर कर देगा । It is a planned case. इंट्रेस्टिंग्ली कल दूसरा भाई, जो पुलिस कस्टडी में था, जिनका नाम नीपेन सिंह, जो 49 वर्ष का था, यह बताया गया कि उन्होंने आइजोल जेल के अंदर सुसाइड कर लिया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से बोलना चाहता हूं कि आइजोल में जो पॉलिटिकल लीडरशिप और पॉलिटिकल डिस्पेंसेशन, सिविल सोसायटी है, डिस्पेंसेशन अलग-अलग चलता है । कभी-कभार वहां हमारे कॉन्स्टीट्यूशन की धज्जियां उड़ाई जाती हैं । मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी को, जो घटना हुई है, दोनों भाइयों का मर्डर हुआ है, उस मर्डर की तहकीकात और सीबीआई इंक्वायरी की डिमांड करता हूं । यह हमारी स्टेट की मांग है । मेरे ख्याल से गृह मंत्री जी इस पर थोड़ा गौर करेंगे । धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय : श्री तेजस्वी सूर्या –उपस्थित नहीं ।

श्री सुनील कुमार सिंह –उपस्थित नहीं ।

श्री सु. थिरुनवुक्करासर ।